# मेरी झंडेवाली मईया | By Hari Sharma

सुन मेरी झंडेवाली मैया
तेरे हवाले जीवन नैया
डगमग तू होने ना देगी
ये है भरोसा मुझको मैया
नैया मेरी प्यारी मैया
मेरी झण्डेवाली मैया
सुन मेरी शेरोवाली मैया
तेरे हवाले जीवन नैया

खा करके दुनिया की ठोकर
तेरे दर पे मैं हूँ आया
बिसरा के मेरी भूलों को
माँ तूने है गले लगाया....3
जग से क्या लेना माँ मुझको
सिर पे है जो तेरी छैया
डगमग तू होने ना देगी
ये है भरोसा मुझको मैया
सुन मेरी शेरोवाली मैया
तेरे हवाले जीवन नैया

एक भरोसा तेरा मैया
और किसी से आस नहीं है
वक़्त पड़े तो कोई काम भी आये
मुझको तो विश्वास नहीं है ......3
तारणहार है तू ही मेरी
तू ही मेरी लाज बचैया
डगमग तू होने ना देगी
ये है भरोसा मुझको मैया
सुन मेरी शेरोवाली मैया
तेरे हवाले जीवन नैया

तेरी महिमा मात भवानी
सारा जीवन गाऊंगा मैं
नाम तेरा माँ हो अधरों पर
जब संसार से जाऊँगा मैं .....3
चरणों से अब दूर ना करना
हरी पड़े माँ तेरे पइयाँ
डगमग तू होने ना देगी
ये है भरोसा मुझको मैया
सुन मेरी शेरोवाली मैया
तेरे हवाले जीवन नैया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9d%e0%a4%82%e0%a4%a1%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-hari-sharma/